हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 जुलाई 2024

11 बाबा राणाधीर मंदिर मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



12 मेरे बुजुर्ग-मेरे इष्टदेव यात्रा का जत्था हुआ रवाना...



**खबर संक्षेप**

### जेजेपी की जिला स्तरीय बैठक आज फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में में होगी। बैठक की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इसे लेकर कार्यकर्ताओं में भी उत्साह है। इस सिलसिले में जेजेपी के प्रदेश प्रवक्ता जतिन खिलेरी ने बताया कि इस जिला स्तरीय बैठक में मुख्यातिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला व पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला होंगे।

### इग्नू में एडमिशन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में संचालित इग्नू स्टडी सेंटर 1031 में जुलाई 2024 सत्र में फ्रेस एडमिशन और री-रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। पहले दाखिले की यह तिथि 15 जुलाई थी। उपायुक्त ने कहा कि जो छात्र इग्नू में एडमिशन लेने व रि-रजिस्ट्रेशन करवाने से वंचित रह गए है वे अपना एडमिशन और रि-रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि से पहले करवा लें। इस मौके पर भोडिया खेड़ा के केंद्र समन्वयक डॉ. गुरनाम चन्द ने बताया कि इग्नू में साल में दो बार जनवरी व जुलाई सत्र में एडमिशन किए जाते हैं।

### मकान से सोने-चांदी के गहने व कैश चोरी

**फतेहाबाद।** गांव कुम्हारिया में एक मकान में घुसकर अज्ञात चोर गहने और नकदी चोरी कर ले गए। इस बारे मकान मालिक द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव कुम्हारिया निवासी पृथ्वी सिंह ने कहा है कि गत दिवस अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए। चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ और अंदर घुसकर अलमारी व संदूक में रखे गहने व नकदी चुरा ली। पृथ्वी सिंह के अनुसार चोर उसके मकान से 1 सोने का पैंडल, एक चैन, 3 अंगूठियां और 35 हजार की नकदी चोरी कर ले गए है।

### टोहाना क्षेत्र से मां-बेटी लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र से एक मां-बेटी के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव नांगली निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 30 वर्षीय पुत्रवधू अपने 4 साल की लड़की के साथ लापता हो गया है। उसका लड़का अपनी पत्नी व बेटी को दिल्ली जाने के लिए ट्रेन में चढ़ाकर आया था लेकिन मां-बेटी ना तो दिल्ली पहुंची और न ही वापस लौटी है। इस पर उन्होंने इनकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मां-बेटी की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में भट्टूकलां पुलिस ने भट्टू मण्डी निवासी एक महिला की शिकायत पर उसकी 18 वर्षीय लडक़ी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### खाटू श्याम धाम में भंडारा आज

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित श्री खाटू श्याम धाम में 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के अवसर पर भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के प्रवक्ता दीपेश गोयल ने बताया कि 17 जुलाई की सांय 7.30 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारा लगाया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके अलावा रात्रि 8 बजे से कीर्तन शुरू होगा, जिसमें मंदिर कमेटी के सदस्य अपनी मधुर वाणी से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

### बिजली मंत्री को सौंपा कर्मचारियों की मांगों संबंधी ज्ञापन

## बिजली कर्मचारियों ने रोष मार्च निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

### रणजीत सिंह के आवास पर विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** मंत्री रणजीत सिंह के आवास के निकट पुलिस द्वारा लगाए बेरिकट्स पर नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी।

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के बैनर तले प्रदेश प्रधान सुनील खटाना की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड सर्कल प्रांगण सिरसा में विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें मंच संचालन प्रदेश महासचिव यशपाल देसवाल ने किया। सर्कल प्रांगण में विरोध प्रदर्शन उपरांत कर्मचारियों ने बड़े हुजूम के साथ शहर की सडक़ों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला, जोकि बिजली मंत्री रणजीत सिंह के आवास पर विरोध के साथ समाप्त हुआ। रणजीत सिंह के आवास के निकट पुलिस ने बेरिकेट्स लगा दिए। इस दौरान बिजली कर्मचारियों और पुलिस के बीच धक्का मुक्की भी हुई। बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला के आवास पर पहुंचकर बिजली कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदेश के बिजली कर्मचारियों की जायज मांगों का एक मांग पत्र बिजली मंत्री को सौंपा। एचएसईबी वर्कर यूनियन नेताओं ने बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल करना, एचकेआरएन को रद्द करना व समान काम समान वेतन लागू करना, सभी कर्मचारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू करना, ट्रांसफर पॉलिसी रद्द करना, दस हजार रुपये रिस्क एलाउंस देने, मेडिकल अलाउंस पांच हजार रुपये देने, कन्विन्स अलाउंस रुपये तीन हजार रुपये देने, शिफ्ट ड्यूटी अलाउंस दो हजार रुपये देने व इसके अलावा टेक्निकल और क्लेरिकल सहित क्लास फोर्थ कच्चे व पक्के सभी कर्मचारियों को वर्दी भत्ता देने, शिक्षा भत्ता देने, वर्दी धुलाई भत्ता देने, व्हीकल भत्ता आदि पर पांच-पांच हजार रुपये दिये जाने की मांग की। इसके साथ-साथ फ्री इलेक्ट्रीक अलाउंस दो हजार रुपये देने, केटेगरी वाइज बिजली कर्मचारियों को लोकल आउट डोर ड्यूटी अलाउंस देने व आये दिन बढ़ती महंगाई को देखते हुए बीस किलोमीटर दूरी तक ट्रैवलिंग अलाउंसेज बिल के मौजूदा प्रावधान को रद करते हुए किलोमीटर अनुसार टीए क्लेम देने, बिजली संशोधन अधिनियम बिल-2023 को रद्द करने एवं निजीकरण की प्रणाली पर पूर्ण विराम लगाने, सभी कच्चे कर्मचारियों के लिये पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाये। प्रदर्शनकारियों ने बिजली कर्मचारियों की कइ मांगों के मुद्दों पर प्रदेश सरकार के नाम बिजली मंत्री को ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदेश मुख्य संगठन करता अशोक शर्मा ने ऐलान किया कि हरियाणा सरकार समय रहते संगठन के साथ बातचीत के माध्यम से कर्मचारियों की जायज मांगों का शीघ्र समाधान करे, अन्यथा बिजली कर्मचारी प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन की घोषणा करने पर मजबूर होंगे। आज के विरोध प्रदर्शन में हजारों कर्मचारियों ने भाग लिया।

## विरोध में सड़कों पर उतरे कर्मचारी, घेरा सचिवालय




**सिरसा।** सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले भारी संख्या के साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारी शहीद भगत सिंह स्टेडियम में एकजुट हुए। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान मदनलाल खोथ ने की। कर्मचारियों द्वारा सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले हाथों में तख्तियां लिए सरकार विरोधी नारों के साथ शहीद भगत सिह स्टेडियम से जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदशन करते हुए पहुंचे और जिला मुख्यालय घेरकर जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा। सर्व कर्मचारी संघ के नेता राजेश भाकर, जिला प्रधान मदनलाल खोथ एवं राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट ने संयुक्त रूप से बताया कि राज्य सरकार के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ का यह आंदोलन अलग-अलग चरणों में जारी रहेगा। भाजपा सरकार के सत्ता में आने से पहले सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कर्मचारी, मजदूर, किसान वर्ग एवं मेहनतकश वर्ग को अनेक लुभावने वायदे किए, जोकि सरकार का अब कार्यकाल समाप्ति की ओर है, इसलिए सरकार कर्मचारी वर्ग को लेकर अति गंभीर नहीं है। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला प्रधान मनोज अठवाल, फायर से जिला प्रधान राजेश खिचड़, सुखदेव सिंह, बिजली यूनियन राज्य उप प्रधान बाबूलाल, सुभाष, सुखदेव, मैकेनिकल वर्कर यूनियन जिला प्रधान निर्मल सिंह, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

#### ये है प्रमुख मांगें

सेवाएं नियमित करने, समान काम समान वेतन, सुविधाए एवं नौकरी सुरक्षा। वर्ष के कार्यकाल की सेवा दे चुके कर्मियों को नियमित नीति बनाकर स्थाई किया जाए। एनपीएस को समाप्त कर 2006 से हुए भर्ती कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए। स्थाई काम पर अस्थाई भर्ती बन्द की जाए। सभी कच्चे कर्मचारियों का पिछले चार वर्षों से 20 प्रतिशत के हिसाब से वेतन बढ़ोतरी की जाए। सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां दूर की जाए। लिपिक वर्ग के साथ की कुठाराघात को सुधारीकरण करते हुए पंजाब के समान वेतन मान लागू किया जाए।

## एमए प्रथम वर्ष में दाखिला प्रक्रिया शुरू

- छात्राएं बीए, बीकॉम, बीएससी व बीसीए में फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर करवा सकती हैं एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** भोडिया खेड़ा स्थित सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय। फाइल फोटो।

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में एमए के प्रथम वर्ष में एडमिशन के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरे जा रहे हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। इच्छुक छात्राएं उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की वेबसाइट पर दिए लिंक पर जाकर अपना फॉर्म भर सकती है। महाविद्यालय में इकोनॉमिक्स, हिंदी, इंग्लिश, राजनीतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत तथा एमकॉम विषयों में एमए उपलब्ध है। इसके साथ-साथ कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी व बीसीए के प्रथम वर्ष में भी काफी सीट खाली है जिसमें एडमिशन के लिए फिजिकल काउंसलिंग 17 जुलाई से शुरू होगी। इन कोर्स के प्रथम वर्ष में एडमिशन की इच्छुक छात्राएं 17 जुलाई से कॉलेज पहुंचकर फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर एडमिशन पा सकती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर ने बताया कि कॉलेज में मेहनती स्टाफ, स्वच्छ वातावरण तथा यूजीसी नेट की परीक्षा के लिए विशेष मार्गदर्शन के साथ-साथ कॉलेज में सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालय भी उपलब्ध है। प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर ने यह भी बताया कि छात्राओं के लिए फतेहाबाद से कॉलेज तक बस सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाती है तथा सभी प्रकार की सुविधाएं जिनकी उनको जरूरत रहती है वे भी उनको उपलब्ध करवाई जाती है।

## हत्या मामले में मास्टर मांइड सहित चार काबू

- अब तक घटना के 10 आरोपी गिरफ्तार
- शराब ठेकेदार राजेंद्र उर्फ राजू की हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** शराब ठेकेदार राजू की हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी।

जिला के गांव खारिया में शराब ठेकेदार राजेंद्र उर्फ राजू निवासी गांव नीमला की हुई हत्या मामलें में पुलिस ने मास्टर मांइड तथा हत्या का षड़यंत्र रचने के आरोप में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ऐलनाबाद डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पवन कुमार पुत्र जगदीश निवासी पन्नीवाला मोटा, जगतार सिंह पुत्र गुरनाम सिंह व हरजिंद्र उर्फ बिन्द्र सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी गांव रघुआना के रूप में हुई है। जगतार सिंह रघुआना गांव का पूर्व सरपंच है। डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पवन तथा जगतार को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जबकि हरजिंदर उर्फ विंदर को न्यायिक हिरासत में सिरसा जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस घटना में संलिप्त अब तक दस आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी ने बताया कि अभियोग की जांच जारी है और जांच के दौरान जो भी व्यक्ति हत्या की इस घटना में संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि खारिया सर्कल के शराब ठेकेदार राजेंद्र उर्फ राजू निवासी नीमला की गांव खारिया में हत्या कर उसका शव राजस्थान कैनाल में फेंक दिया था। डीएसपी ऐलनाबाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के निर्देश पर इस वारदात को सुलझाने के लिए सीआईए सिरसा व रानियां थाना की विशेष पुलिस टीम का गठन कर जांच शुरु की गई थी।

## लिपिकीय कर्मचारी धरने पर, सौंपा ज्ञापन

- लघु सचिवालय के बाहर पार्क में कर्मचारियों ने धरना दिया
- सतीश ढाका के नेतृत्व में साइकिल यात्रा फतेहाबाद धरनास्थल पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते लिपिकीय कर्मचारी।

लिपिकीय कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर में जिला मुख्यालय पर सांकेतिक धरना शुरू किया गया है। फतेहाबाद में लघु सचिवालय के बाहर पार्क में लिपिकीय कर्मचारियों ने धरना दिया। आज संदीप पुनिया प्रधान, अमन बेनीवाल, जसवंत बूरा, गुरमीत सिंह और ताराचंद धरने पर बैठे। यूनियन के राज्य महासचिव सतीश ढाका के नेतृत्व में पहले चरण की साइकिल यात्रा आज फतेहाबाद धरनास्थल तक पहुंची। लिपिकीय कर्मचारी शहर में मार्च निकलते हुए बीजेपी कार्यालय गए और वहां बीजेपी जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। राज्य महासचिव सतीश ढाका ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने 42 दिन आंदोलन किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की। उन्होंने कहा कि अभी 7 जुलाई को करनाल में लिपिकीय वर्ग ने राज्य स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया था जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 10 जुलाई को चंडीगढ में मीटिंग का न्योता दिया गया परंतु मीटिंग में सिर्फ बरगलाने वाली बात हुई और 16 जुलाई को दोबारा मीटिंग की डेट दे दी गई। अगर सरकार हमारी जायज मांग का समाधान नहीं करती है तो हम निकट भविष्य में कड़े कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे।

### अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया 20 से 28 अगस्त तक

**सिरसा।** सेना भर्ती कार्यालय हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि सिरसा, फतेहाबाद, हिसार व जींद जिलों से चयनित अभ्यर्थियों की अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया हिसार मिल्ट्री स्टेशन परिसर में 20 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगी। सभी उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर प्रवेश पत्र भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन सिरसा जिला से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, दूसरे दिन सिरसा व हिसार जिला से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तीसरे दिन हिसार व फतेहाबाद से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, चौथे दिन फतेहाबाद व जींद जिला से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, पांचवें दिन जींद जिला से अग्निवीर जनरल ड्यूटी व सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, जींद जिलों के सभी तहसील से अग्निवीर असिस्टेंट, अग्निवीर स्टोर कीपर, अग्निवीर टेक्निकल व अग्निवीर ट्रेडसमैन श्रेणियों के उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी।

### डोडा पोस्त सहित दो व्यक्ति काबू

**सिरसा।** डिंग व रानियां थाना पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से दो व्यक्तियों को काबू कर उनके कब्जा से 2 किलो 60 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। डिंग थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भावदीन क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता दिखाई दिया उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसकी पहचान बलविंद्र निवासी भावदीन के रूप में हुई। पुलिस ने उसके उसके कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।

## एडीसी राहुल मोदी ने गांव धांगड़ में किया पौधरोपण




**फतेहाबाद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांव धांगड़ में पौधारोपण करते एडीसी राहुल मोदी।

- एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया
- पूरे जिले में 2,50,000 पौधे लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

वन विभाग की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को गांव धांगड़ में बड़े हर्षोल्लास के साथ वन महोत्सव मनाया गया। एडीसी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है और इनका हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। जीवन पर्यन्त एक वृक्ष करोड़ों रुपए की हमें आक्सीजन प्रदान करता है। मानव मात्र के द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड रूपी जहर को खुद ग्रहण करके पेड़-पौधे मानव मात्र को जीने के लिए जरूरी प्राण शक्ति ऑक्सीजन छोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह निश्चय करना होगा कि जहां से एक पेड़ कटे, वहां कम से कम दो पेड़ लगाने चाहिए। यदि हम हर पर्व, जन्मदिन अथवा अन्य खुशी के पावन अवसरों पर पौधरोपण करने व पौधे उपहार स्वरूप देने की परंपरा शुरू करने का निश्चय करें तो निःसन्देह अल्प समय में ही धरा वृक्षों से हरी-भरी हो जाएगी। वन महोत्सव के मौके पर जकरंदा, चकरेशिया, शहतूत, नीम, जामुन, बोटल ब्रूश, बादामी पापड़ी, पहाड़ी पापड़ी, लेसुआ, बेल पत्थर, बड़ व पीपल के 1,500 पौधे लगाकर पौधरोपण किया गया। इस वन महोत्सव के दौरान आज गांव धांगड़ में कुल 5,000 पौधे लगाए जाएंगे तथा पूरे जिले में 2,50,000 पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान सभी ग्रामवासियों व विद्यार्थियों को पर्यावरण को बढ़ावा देने बारे जागरूक किया गया तथा गणमान्य व्यक्तियों को 1-1 पौधा निशुल्क सप्लाई स्कीम के तहत कुल 1,500 पौधे बांटे गये। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी राजेश कुमार लीलड़, बीडीपीओ अनिल बिश्नोई, वन राजिक अधिकारी यशवीर सिंह, कश्मीर सिंह सहित गांव के नागरिक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य सेवाएं होंगी बाधित, मांगों को लेकर प्रदर्शन

## एनएचएम कर्मचारी 24 से करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



विपिन शर्मा

चिकित्सकों के बाद अब स्वास्थ्य कर्मचारी भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की तैयारी में है। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में 24 जुलाई से 3 दिन की सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। तीनों दिन एनएचएम कर्मचारी अपनी सेवाएं ठप्प रखकर मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा ने बताया कि 24 जून को पूरे हरियाणा के ए न ए च ए म कर्मचारियों ने ब्लैक रिबन लगाकर अपना रोष प्रकट किया। 2 जुलाई को सिविल सर्जन को मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के नाम व 5 से 12 जुलाई तक सभी भाजपा के जिला अध्यक्षों व एमएलए को ज्ञापन सौंपे गए। उस समय सरकार को यह चेताया गया था कि अगर 14 जुलाई तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जाता है तो कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश होंगे। अब संघ ने सरकार को 23 जुलाई तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर सरकार 23 जुलाई तक मांगों को पूरा नहीं करती है तो 24 जुलाई से प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी 3 दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। सरकार अगर फिर भी मांगो को नहीं मानती है तो लंबी लड़ाई से भी पीछे नहीं हटेंगे। विपिन शर्मा ने बताया कि पिछले 26 वर्षों से एनएचएम कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है, मुख्यमंत्री की सैद्धांतिक मंजूरी के बावजूद भी सातवें पे कमीशन का लाभ नहीं दिया जा रहा और जानबूझकर अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों का 2 महीना से सैलरी का बजट जानबूझकर रखा गया है। कर्मचारी वर्ग जब अपनी मांगों को लेकर सरकार के पास जाता है तो वेतन को एकमुश्त करने का तुगलगी फरमान जारी कर दिया जाता है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है और कर्मचारियों का धैर्य जवाब दे रहा है।

# कुछ म्यूचुअल फंड ने दिया 48% से ज्यादा रिटर्न

## निवेशकों को कर रहे मालामाल, आप भी कर सकते हैं निवेश, कोई भी निवेश करने से पहले खुद की रिस्क क्षमता जांच लें लक्ष्य तय कर लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाएं, धैर्य और संयम के साथ निवेश करें, अच्छा मुनाफा मिलेगा

अगर आप भी निवेश करने जा रहे हैं जो एक बार बाजार के बारे में रिसर्च कर लें। इसके बाद निवेश के लिए उतरेंगे तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने लक्ष्य तय कर धैर्य और संयम के साथ निवेश करें और मजबूती के साथ बाजार में उतरें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और जल्द अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकेंगे। बाजार में पैसे लगाने वाले ज्यादातर इनवेस्टर्स की दिलचस्पी सबसे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे शेयरों में रहती है, लेकिन कुछ म्यूचुअल फंड्स ऐसे हैं, जिनमें ऐसे स्टॉक्स पर फोकस करके निवेश किया जाता है, जिनका प्रदर्शन फिलहाल खराब चल रहा हो। अपने इस उल्टे मिजाज की वजह से ही इन्हें कॉन्ट्रा म्यूचुअल फंड का नाम दिया गया है। कॉन्ट्रा फंड्स के मैनेजर्स को ऐसे ही स्टॉक्स की तलाश रहती है, जो फंडामेंटल्स के लिहाज से स्ट्रॉन्ग होते हुए भी कमजोर प्रदर्शन कर रहे हों। इसके पीछे सोच यह रहती है कि फिलहाल कमजोर दिख रहे ऐसे स्टॉक्स में पिछले रुझान को पलटकर शानदार रिटर्न देने की क्षमता छिपी रहती है। पिछले 1 साल में कॉन्ट्रा फंड्स की थीम वाले सभी म्यूचुअल फंड्स ने 48 फीसदी या उससे ज्यादा रिटर्न देकर इस बात को सच साबित किया है। ऐसे में इन फंडों में निवेश बढ़िया रिटर्न दिला सकता है और आपको जल्द अमीर बना सकता है।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

### कॉन्ट्रा फंड्स का शानदार प्रदर्शन

भारत में कॉन्ट्रा फंड्स की सोच को फॉलो करने वाली म्यूचुअल फंड स्कीम्स की संख्या ज्यादा नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के मुताबिक देश में फिलहाल ऐसी कुल तीन स्कीम चल रही हैं।

### ये हैं तीन स्कीमें

1. एसबीआई कॉन्ट्रा फंड
2. इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड
3. कोटक इंडिया कॉन्ट्रा फंड

*(इन तीनों ही स्कीम ने पिछले 1 साल में रिटर्न के मामले में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ये तीनों स्कीमों ने 48 फीसदी से अधिक रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है।)*

### ऐसा रहा प्रदर्शन

#### एसबीआई कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 48.40%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.51%



- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.42%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 35,304.23 करोड़

#### इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 49.79%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.55%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.72%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 16,502.57 करोड़ रुपये

#### कोटक इंडिया ईक्यू कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 54.80%
- 3 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 26.80%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 25.05%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3,582.99 करोड़ रुपये

### कॉन्ट्रा फंड के मुनाफे पर टैक्स

कॉन्ट्रा फंड का 65 परसेंट से ज्यादा निवेश इक्विटी में होता है। इसलिए इन्हें इक्विटी म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा गया है। जाहिर है इन पर इनकम टैक्स के वही नियम लागू होते हैं, जो इक्विटी फंड के लिए बनाए गए हैं। यानी कॉन्ट्रा फंड की यूनिट्स को 1 साल से कम समय में बेचने पर मुनाफा हुआ तो उस पर 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स देना पड़ेगा, लेकिन 1 साल या उससे ज्यादा होल्ड करने के बाद बेचने पर 1 लाख रुपये तक का सालाना मुनाफा टैक्स फ्री है। उससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। यानी कॉन्ट्रा फंड में निवेश करना टैक्स के लिहाज से भी अच्छा है। इसलिए इन फंडों में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने पोर्टफोलियों की भी समय समय पर समीक्षा करते रहना जरूरी है, ताकि आप आसानी से अपने पैसे को सुरक्षित रख सकें और अच्छा रिटर्न हासिल कर सकें।

### निवेश से पहले रिस्क भी समझ लें

देश के कॉन्ट्रा फंड्स का पिछला रिटर्न तो काफी अच्छा रहा है, लेकिन इसे भविष्य में वैसे ही परफॉर्मेंस की गारंटी नहीं माना जा सकता। इसके अलावा इक्विटी फंड होने की वजह से कॉन्ट्रा फंड्स ज्यादा जोखिम वाले निवेश की कैटेगरी में आते हैं। लिहाजा अपनी रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखें और निवेश का फैसला करने से पहले अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह जरूर लें। वैसे भी निवेश करने से पहले खुद के लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखते हुए ही निवेश की तरफ कदम बढ़ाने होंगे।

# क्रिप्टो में निवेश कर रहे हैं तो जान लें कर का नियम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

यदि आप भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं तो आपको इस समय टैक्स का नियम भी जान लेना चाहिए, वरना 31 जुलाई बीत जानें के बाद आप मुश्किल में फंस सकते हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी 2022 में फैसला किया था कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगाया जाएगा और सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस कटेगा। इसके बाद भी लोग क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करते रहे। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से पहले ही समझ लें कि क्रिप्टो पर कर कैसे लगाया जाता है ताकि आगे आपको दिक्कत न हो।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या आभासी करेंसी है, जो सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसकी डोर किसी एक सरकार या केंद्रीय संस्था के हाथ में नहीं है। उसके बजाय यह ब्लॉकचेन तकनीक पर चलती है, जो असल में एक डिजिटल रजिस्टर की तरह होता है। इसमें कई कंप्यूटरों का नेटवर्क होता है और सभी सौदे उन पर दर्ज होते रहते हैं।

निवेशक साल में क्रिप्टो संपत्तियां बेचता है टैक्स देना होगा
क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करना सबसे रिस्की श्रेणी में माना गया
क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगेगा
सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस भी कटेगा



### मुनाफे पर 30 फीसदी कर

सबसे पहले तो क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर सीधा 30 फीसदी कर काटा जाता है। आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच कहती है कि क्रिप्टोकरेंसी समेत सभी वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के किसी भी प्रकार के लेनदेन से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर काटा ही जाएगा। उसके अलावा उस पर अधिभार और उपकर भी लगेंगे।

### ऐसे समझें

मान लीजिए कि आपने बिटकॉइन की ट्रेडिंग से 1 लाख रुपये कमाए हैं तो आपको इस पर बतौर कर 30,000 रुपये देने होंगे। उसके ऊपर 1,200 रुपये उपकर भी काटा जाएगा। इस तरह 1 लाख रुपये की कमाई पर आप 31,200 रुपये कर देंगे।

### घाटे की भरपाई नहीं

वर्चुअल डिजिटल संपत्ति से होने वाले घाटे के बदले आप किसी अन्य वर्चुअल डिजिटल संपत्ति पर हुए मुनाफे या किसी अन्य प्रकार की आय पर कर छूट नहीं मांग सकते। करयोग्य आय में से केवल ऐसी संपत्तियों को खरीदने पर हुआ खर्च ही घटाया जा सकता है।

### क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस

1 जुलाई 2022 से एक सीमा से अधिक वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस काटा जा रहा है। यूजर्स की ओर से टीडीएस काटने की जिम्मेदारी क्रिप्टो एक्सचेंज की है। मगर यदि दो यूजर्स आपस में लेनदेन करते हैं तो खरीदने वाले को टीडीएस काटकर जमा करना होगा। मान लीजिए कि आपने 60,000 रुपये के एथेरियम बेचे तो खरीदार 600 रुपये टीडीएस काटने के बाद आपको 59,400 रुपये दे देगा।

### क्रिप्टो माइनिंग पर कर

क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग में यानी उन्हें तैयार करने में बहुत ताकतवर कंप्यूटर या खास हार्डवेयर का इस्तेमाल होता है, जो लेनदेन का सत्यापन करता है और उसे ब्लॉकचेन नेटवर्क पर चढ़ा देता है। इस नेवटर्क में माइनर या नोड गणित की पेचीदा गुत्थियों को सुलझाने में एक दूसरे का मुकाबला करते हैं। जो माइनर सबसे पहले उसे सुलझा लेता है, उसे बतौर इनाम क्रिप्टोकरेंसी मिलती है। इस तरह माइनिंग से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगता है। कर का हिसाब लगाते समय माइनर की क्रिप्टोकरेंसी की खरीद कीमत शून्य मान ली जाती है।

### कमर्शल और निजी निवेशक निवेशक

निवेशक चाहे निजी हो या कमर्शल, उसके लिए कर के नियम और दरें एक ही होंगी। मान लीजिए कि कोई फर्म क्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग से 5 लाख रुपये कमाती है तो उसे 1.50 लाख रुपये कर और 6,000 रुपये उपकर यानी कुल 1.56 लाख रुपये देने होंगे। जानकारों का कहना है कि 'क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगने से उनके लेनदेन और सौदों में नियमों का अनुपालन और जवाबदेही पक्की हो जाती है। अल्पावधि और दीर्घावधि मुनाफे पर एक जैसा कर कटने के कारण क्रिप्टोकरेंसी की आय भी दूसरी तरह की आय के बराबर हो गई है। इन कर प्रावधानों का मकसद क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गतिविधियों को कायदे में लाना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा सभी प्रकार के निवेशकों तथा लेनदेन पर न्यायोचित कर लगाना है।'

# रिटर्न के मामले में निफ्टी को पछाड़ आगे निकला सोना

**लगातार कुलाचें मार रहे सोने में इस साल तेजी का माहौल**

## एक जनवरी से अब तक गोल्ड ने निफ्टी-50 को पीछे छोड़ा | ग्लोबल मार्केट में गोल्ड में करीब तेरह प्रतिशत की तेजी दिखाई दी

निवेश के लिहाज से सेफ हेवन समझे जाने वाले गोल्ड का रिटर्न अगर ज्यादा रिस्की कहे जाने वाले इक्विटी इनवेस्टमेंट से बेहतर हो जाए, तो भला निवेशकों के लिए इससे अच्छा और क्या हो सकता है। 2024 के साल में अब तक कुछ ऐसा ही रुझान देखने को मिला है, जिसकी वजह से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड में निवेशकों की दिलचस्पी काफी बढ़ गई है। दरअसल, सोने की कीमतों में मौजूदा कैलेंडर इयर के दौरान इतनी मजबूती आई है कि रिटर्न के मामले में इसने शेयर मार्केट के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 50 को भी पीछे छोड़ दिया है।

### निफ्टी 50 के मुकाबले बेहतर रिटर्न

1 जनवरी 2014 से 30 जून 2024 के बीच निफ्टी 50 में करीब 10.4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, जबकि इसी इंडेक्स का साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न करीब 11.9 फीसदी रहा है। सोने का पिछले 6 महीनों का रिटर्न करीब 18 फीसदी और साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न 14.78 फीसदी रहा है। ग्लोबल मार्केट में भी इस दौरान गोल्ड में करीब 13 फीसदी की तेजी देखने मिली।

रिकॉर्ड
बिजनेस डेस्क

### गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश

सोने में इस तेजी के बीच दुनिया भर में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में निवेश का रुझान भी काफी बढ़ा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जून में लगातार दूसरे महीने गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड ईटीएफ) में पॉजिटिव इनफ्लो देखने को मिला है। जून में यह इनफ्लो करीब 1.4 अरब डॉलर का रहा है। कैलेंडर इयर की पहली छमाही के दौरान एशियन गोल्ड ईटीएफ में कुल मिलाकर करीब 3 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश देखने को मिला।

### सोने में क्यों आ रही तेजी

गोल्ड में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जबकि दुनिया के अधिकांश देशों की ग्रोथ रेट में कमजोरी का माहौल है। ऐसा लगता है कि जोखिम से बचने वाले निवेशक सोने की तरफ बड़े पैमाने पर आकर्षित हुए हैं। इस तेजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जियो-पोलिटिकल टेंशन के बीच तमाम देशों के सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी का भी बड़ा हाथ रहा है।



### सुरक्षित निवेश

सोने को शेयर बाजार की तुलना में हमेशा ही ज्यादा सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में इतना ऊंचा रिटर्न वाकई निवेशकों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी है। लगातार ऊंची ब्याज दरों के बावजूद सोने की इस तेजी से पता चलता है कि सेफ हेवन इनवेस्टमेंट के तौर पर सोने की स्थिति कितनी मजबूत है।

### आगे भी रहेगा तेजी का रुझान?

सोने की कीमतें फिलहाल घरेलू और ग्लोबल, दोनों बाजारों में रिकॉर्ड हाई के करीब चल रही हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या तेजी का रुझान आगे भी बने रहने के आसार हैं? या फिर इसमें बदलाव देखने को मिलेगा? गोल्ड को मजबूती देने वाले कारणों पर विचार करें तो लगता है कि जियो-पोलिटकल टेंशन की वजह से बढ़ी सेफ हेवन इनवेस्टमेंट वाली डिमांड अभी बनी रहेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इजरायल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। इसके अलावा अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो इससे सोने की मांग को एक और बूस्ट मिल सकता है।

### सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले फैक्टर

दरअसल, सोना एक ऐसा एसेट है, जिसमें निवेश करने पर ब्याज नहीं मिलता। लिहाजा, जब ब्याज दरें घटती हैं, तो सोने में निवेश तुलनात्मक रूप से और आकर्षक हो जाता है। हालांकि अब तक यह बात पूरी तरह साफ नहीं है कि यूएस फेड वाकई ब्याज दरों में कटौती करेगा या नहीं और करेगा तो कब, लेकिन उसके इस दिशा में कदम उठाने की उम्मीद बढ़ती लग रही है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक 31 जुलाई को होनी है। पिछले हफ्ते अमेरिका के मैक्रो इकनॉमिक डेटा में खराब आर्थिक प्रदर्शन के संकेत मिलने से इन उम्मीदों को ताकत मिली है कि सितंबर तक ब्याज दरों में राहत मिल सकती है।

**पॉलिसी** पहले प्लानिंग करें और फिर निवेश की सोचें, सोची-समझी रणनीति हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में मददगार

**जैसे फुटबॉल में जीत के लिए मजबूत डिफेंस जरूरी है, वैसे ही परिवार के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सही फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी है**

# बनाएं रणनीति, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी बन सकती गेमचेंजर, पूरे कर सकती है आपके फाइनेंशियल गोल

समझदारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश हैं या करने जा रहे हैं तो जान लें कि निवेश भी फुअबॉल के मैच की तरह ही होता है। फुटबॉल प्रेमी होने के नाते, मुझे यह खेल बेहद रोमांचक लगता है, लेकिन इसमें धैर्य, दृढ़ता और समय की ज़रूरत होती है। दरअसल यह खेल कभी भी कोई भी मोड़ ले सकता है और यही इसके आकर्षण को और बढ़ा देता है। जीवन, एक फुटबॉल मैच की तरह, स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला का नाम है। रोजमर्रा के जीवन में और फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में पर्याप्त बचाव की जरूरत होती है। उचित रणनीति और सोची-समझी चालें, हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में बहुत मदद कर सकती हैं।

### बेहद अहम है लाइफ इंश्योरेंस

बेयर ब्रायंट का यह कथन बेहद मशहूर है कि आक्रामकता से टिकट बिकता है, डिफेंस से चैंपियनशिप जीती जाती है। निवेश विकल्प के सही मिक्स के साथ बेहतर फाइनेंशियल प्लान वह डिफेंस तैयार करता है, जिसकी आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यकता होती है। बढ़ती वित्तीय साक्षरता, आय के बढ़ते स्तर और अधिक जागरूकता के साथ-साथ अधिक टेक्नोलॉजी अपनाने और नीतिगत सुधारों के साथ, भारत में अधिक से अधिक परिवार लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल प्लान की आवश्यकता समझ रहे हैं। लोग सुरक्षा के लिए कई लाभ देने वाली लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के महत्व को समझने लगे हैं। दरअसल, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी समग्र घरेलू वित्तीय बचत मिक्स में टॉप तीन पसंदीदा निवेश विकल्पों में से एक है। वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 तक इसमें 11% के सीएजीआर से बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जिसका कुल वित्तीय बचत में 18% का योगदान है।



### क्या बीमा कवर पर्याप्त है

अगर हम इसे बीमा की पैठ के नजरिए से देखें तो स्थिति वास्तव में आशावादी दिखती है, क्योंकि हमारे देश में लगभग 70 फीसदी परिवार किसी न किसी तरह की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से सुरक्षित हैं। मुझे यह वृद्धि कुल मिलाकर सकारात्मक संकेत नजर आती है, हालांकि, चिंताजनक पहलू या मुख्य प्रश्न यह है कि क्या कवर (सुरक्षा) पर्याप्त है? सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में जीडीपी के परसेंटेज के तौर पर कुल बीमित रकम मुश्किल से 70% है, जबकि अमेरिका में यह 251%, थाईलैंड में 143% और मलेशिया में 153% है। यह बीमा कवरेज की मात्रा में अहम अंतर को दर्शाता है। जब कोई इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी जाती है, तो लोग हमेशा इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि वास्तव में जरूरत पड़ने पर पर्याप्त जीवन कवर की आवश्यकता होगी।

### टर्म प्लान में पर्याप्त कवरेज जरूरी

पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस के बिना, परिवारों को प्रमुख वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य एसेट्स को बेचने या अन्य निवेशों को भुनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे उनके जीवन के लक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं और भारतीय इस जरूरत को तेजी से पहचान रहे हैं। अपर्याप्त कवरेज के कारण अक्सर परिवारों को अपर्याप्त वित्तीय सहायता मिलती है, जिससे उनकी जरूरतों का केवल एक हिस्सा ही पूरा होता है, जिससे टर्म प्लान का उद्देश्य अप्रभावी हो जाता है। मौजूदा आय, बचत, देनदारियों और पारिवारिक स्थिति का व्यापक मूल्यांकन लाइफ इंश्योरेंस के उपयुक्त स्तर को तय करने में मदद कर सकता है, जिसे वित्तीय और जीवन लक्ष्य प्लान का हिस्सा होना चाहिए। सामान्य नियम यह है कि किसी शख्स की सालाना आय का 10 गुना लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षित किया जाना चाहिए। इससे पॉलिसीहोल्डर के परिवार को दुर्भाग्य से उसके मृत्यु की स्थिति में वित्तीय सहायता ठीक तरह से मिलेगी।

### कहां मिलेगा ज्यादा रिटर्न

हाल के दिनों में हमने देखा है कि हमारी रेगुलेटरी बॉडी इरडा ने '2047 तक सभी के लिए बीमा' उपलब्ध कराने की दिशा में कई तरह के सुधार किए हैं। इनमें व्यवसाय और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर के साथ-साथ जोखिम आधारित पूंजी व्यवस्था, आईएफआरएस और जोखिम आधारित ऑब्जर्वेशन स्ट्रक्चर को लागू करना शामिल है। यह सब इसलिए किया गया है कि अगले कुछ सालों में भारत में बीमा पैठ बढ़े। दिलचस्प बात यह है कि इरडा लगातार अपने डिजिटल इकोसिस्टम का विस्तार कर रहा है, अनुकूल कारोबारी माहौल बना रहा है और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर बना रहा है और यह सब इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने और देश के अधिक से अधिक लोगों के लिए बीमा सुलभ बनाने के लिए किया जा रहा है।

### लक्ष्यों को ट्रैक पर रखें

इंडस्ट्री और रेगुलेटरी मिलकर नए, सरल और नवोन्मेषी प्लान, वितरण चैनलों में सुधार और नए जमाने की टेक्नोलॉजी को अपनाकर तेज और अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओं के जरिये कई उपाय कर रहे हैं। इसका मकसद है लाइफ इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना और पर्याप्त कवरेज के बारे में जानकारी बढ़ाना। यह सभी के लिए अपने वित्तीय पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और पर्याप्त जीवन कवर के महत्व को समझने के लिए अनुकूल माहौल और अवसर प्रस्तुत करता है। जिस तरह फुटबॉल में एक मजबूत डिफेंस योजना खेल-जीतने वाला सीजन सुनिश्चित करती है, उसी तरह आपके वित्तीय पोर्टफोलियो में उचित रक्षा योजना आपके परिवार को अपने जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखने में मदद करती है।

## खबर संक्षेप

### फिजिकल काउंसलिंग से दाखिले शुरू

**फतेहाबाद।** राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों लडक़े व लड़कियां दोनों के लिए 17 जुलाई से महाविद्यालय में ओपन फिजिकल काउंसलिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार से दाखिले होंगे। दाखिला लेने के इच्छुक छात्र व छात्राएं 17 जुलाई को सुबह 10 बजे भोडिया खेड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में पहुंचें। दाखिला लेने की लिए विद्यार्थी अपने साथ जरूरी दस्तावेज जैसे ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म, 10वीं व 12वीं की मार्कशीट की दो-दो प्रतियां, हरियाणा निवासी प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, फैमिली आईडी, गैप वर्ष यदि कोई हो,चरित्र प्रमाण-पत्र, प्रवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक आदि साथ लेकर आए।

### जेजेपी की जिला स्तरीय बैठक आज

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक 17 जुलाई को जनता भवन स्थित राम भवन में होगी। जेजेपी के प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि इस बैठक में जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत सिंह चौटाला, पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, जेजेपी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

### गुडियाखेड़ा से हजारों के आभूषण चोरी

**सिरसा।** चौपटा पुलिस ने गांव गुडियाखेड़ा निवासी विनोद कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। विनोद कुमार ने बताया कि वह 14 जुलाई को श्री खाटू श्याम धाम गया था, घर पर उसकी वृद्ध नानी थी। मध्य रात्रि को अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर लोहे की छोटी पेटी चुरा ली। जिसमें 60 हजार रुपये की नगदी, एकसोने की चेन आदि आभूषण थे।

### तीन गांवों के सरपंचों को किया सम्मानित

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला के तीन नशा मुक्त घोषित गांवों के सरपंचों को जिला पुलिस की ओर से सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने गांव नेजा डेला खुर्द के सरपंच अमरजीत सिंह तथा गांव ढावा के सरपंच कपिल कुमार व गांव झीड़ी के सरपंच लखविंद्र सिंह को पुलिस विभाग की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से ना रहे वंचितः आरके

**सिरसा।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आरके सिंह ने मंगलवार को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लघुसचिवालय स्थित सभागार में सभी एसडीएम व संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और जरूरी निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए, 'फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन' का कार्यक्रम जारी किया है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है।

## शहर के बीचों-बीच बैठकर बना रहे थे लूट की योजना

# तीन पिस्तौल, 44 कारतूस के अलावा लाखों की नकदी बरामद, 14 गिरफ्तार

**सभी के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में विभिन्न संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर के बीचों-बीच स्थित मुख्य बाजार चार मरला कालोनी के एक चौबारे पर बैठकर लूट की योजना बना रहे 14 युवकों को पुलिस ने रेड कर मौके से धर दबोचा। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियारों सहित भारी मात्रा में जिंदा कारतूस व लाखों की नकदी भी बरामद की है। पकड़े गए कुछ युवक आपराधिक प्रवृति के है और पहले भी उन पर काफी केस दर्ज है। मुख्य बाजार से एक साथ इतने बदमाशों के पकड़े जाने से दुकानदारों में भी भय का माहौल है।

पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी जगदीश काजला ने बताया कि बस अड्डा चौकी प्रभारी संजय कुमार की पुलिस टीम अपराध रोकथाम के लिए पुराना बस अड्डा फतेहाबाद पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि चार मरला कालोनी में स्टार लाईट रेस्टोरेंट के सामने चौबारा पर करीब 15 व्यक्ति हथियारों सहित बैठे हुए है जो डकैती करने की तैयारी कर रहे है। सभी बदमाश किसी बड़ी डकैती की वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। अगर तुरंत रेड की जाए तो नाजायज हथियारों सहित उन्हें काबू किया जा सकता है। इस सूचना के बाद पुलिस टीम हरकत में आ गई। बताया गया स्थान आबादी क्षेत्र में होने के कारण व बदमाशों की संख्या ज्यादा होने पर किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए तथा आमजन को कोई क्षति न हो, इसको लेकर चौकी प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी और अतिरिक्त पुलिस बल को मौका पर भेजने का आग्रह किया।




**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए 14 बदमाश।

### इन 14 बदमाशों को पकड़ा

पकड़े गये 14 आरोपियों की पहचान चन्द्र सागर उर्फ घरौंडा निवासी अशोक नगर फतेहाबाद, विक्रम उर्फ पहलवान निवासी बैजलपूर, विकास बैजलपुर, मुकेश उर्फ धन्नु निवासी अशोक नगर फतेहाबाद, मोनू उर्फ मोनी बैजलपूर, रमन उर्फ कान्ति निवासी सिरढान, सोनू उर्फ गुरदीप निवासी बीघड़, पारसिक उर्फ मोनू निवासी बैजलपूर, सुरेन्द्र निवासी हरनाम कॉलोनी फतेहाबाद, दीपक उर्फ दीपू निवासी बीघड़ रोड, रतिया कॉलोनी फतेहाबाद, संयम उर्फ सेमी निवासी जगजीवन पुरा फतेहाबाद, अमन निवासी बीघड़ रोड, काठ मंडी फतेहाबाद, अजय निवासी अशोक नगर फतेहाबाद व सौरम निवासी सुन्दर नगर फतेहाबाद के रुप में हुई है। इन सभी के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में विभिन्न संगीन धाराओं के तहत मामला अकिंत किया गया है।

### बदमाशों पर फतेहाबाद के अलावा पंजाब व सिरसा में भी केस दर्ज

डीएसपी ने बताया कि इसके बाद शहर थाना प्रभारी रणजीत सिंह पुलिस टीम के साथ पुराना बस अड्डा के पास पहुंचे। इसके बाद पुलिस टीम ने बताए गए स्थान की घेराबंदी की और दुकान के चौबारे पर बने कमरे में छापेमारी कर वहां से 14 लोगों को काबू कर लिया। पुलिस ने जब इनकी तलाशी ली तो इनके पास से एक पिस्तौल नाजायज 32 बोर, एक पिस्तौल 30 बोर तथा एक बन्दूक 12 बोर के अलावा 44 कारतूस जिंदा बरामद हुए। इसके अलावा इनके पास से 2 लाख 80 हजार की नगदी भी बरामद की है। पुलिस द्वारा पकड़े गए बदमाशों पर पहले भी कई केस दर्ज है। आरोपी मुकेश उर्फ धानू के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में मारपीट व चोरी के आरोप में 7 मामले दर्ज है। इसके अलावा सुरेन्द्र के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत 4 मामले अंकित है। आरोपी अजय के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद ने 26 मार्च 2024 को मारपीट का केस दर्ज किया था वहीं चन्द्र सागर उर्फ घरौंड़ा पर थाना शहर फतेहाबाद में आबकारी



अधिनियम, मारपीट सहित कुल 10 मामलों के अलावा पंजाब के मानसा जिले के थाना भिखी में 28 मई 2019 को एनडीपीएस एक्ट के तहत, सिरसा जिले के थाना नाथूसरी चौपटा में 8 सितम्बर 2017 को हत्या का मामला दर्ज है।

# फर्जी ट्रैवल एजेंटों से रहें सावधान, एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

- बीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें

जैसे-जैसे विदेश जाने का क्रेज बढ़ रहा है, वैसे-वैसे विदेश भेजने के नाम पर कुछ लोगों ने अपना गोरखधंधा भी तेज कर दिया है। यह कथित एजेंट विदेश भेजने के नाम पर लोगों को चूना लगाते हैं और विदेश भेजने के लिए गलत हथकंडे अपनाते हैं। ऐसे में अब डबवाली जिला पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी करके लोगों को सावधान किया है। एसपी डबवाली दीप्ति गर्ग के मुताबिक शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेंटों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं ले। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हरियाणा एक सम्पन्न प्रदेश है। यहां के लोगों की विदेश जाने की काफी इच्छा होती है। लोगों के इस इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रैवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। ये लोग पीड़ितों को तब झांसे में फंसा लेते हैं जब वे सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों का जवाब देते हैं। इसके बाद एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों में ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दुसरे देशों में भेज देते हैं जैसे अमेरिका जाने वालों को मैक्सिकों, क्यूबा आदि देशों में व इसी प्रकार आस्ट्रेलिया जाने वालो को मलेशिया आदि देशों में ले जाते हैं और वहा से जंगलों, समुद्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल, नावों, कन्टेनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते हैं। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की ठंड के कारण, जहरीले जानवरों के काटने से, नाव डुबने या कन्टैनर में दम घुटने से मृत्यु हो जाती है।

### निकासी नाला बना समस्या

**ओढा।** नेशनल हाईवे ओढ़ा में जब से मुख्य मार्ग के साथ साथ निकासी नाले बनाए गए हैं तब से गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। इस समस्या के कारण प्रतिदिन कोई ना कोई घटना होती रहती है। आज एक गली में से ट्रैक्टर ट्रॉली सर्विस रोड पर चढने लगी तो कुछ दिन पहले नाले पर रखा गया नया पत्थर टूट गया और ट्रॉली का एक टायर नाले में धस गया। जिसे बडी मुश्किल से लोडर की सहायता से निकाला गया। इससे पहले पिछले सप्ताह भारतीय स्टेट बैंक के सामने बने गड्ढे के कारण लगातार कई घटनाओं के बाद गांववासियों ने धरना प्रदर्शन किया तो उसका अस्थायी हल किया गया और नैशनल हाईवे ऑफ अथॉरिटी की लेबर सफाई का कार्य अधर में छोडक़र भाग गई। इसके बाद इस समस्या को लेकर सोमवार को सुरेश रमे रावेश उप मंडल अधिकारी (नागरिक) कालांवाली ने ग्राम पंचायत व एनएचएआई के एसडीओ सलमान को खंड कार्यालय ओढ़ा में बुलाया तो वह नही आया और अन्य कर्मचारियों को भेज दिया। इस पर सख्त एक्शन लेते हुए एसडीएम महोदय ने 18 जुलाई को एसडीओ सलमान को स्वयं उपस्थित होने के निर्देश जारी किए हैं।

# एसएस स्कूल के बच्चों ने जीते पदक

- विद्यार्थियों ने 7 स्वर्ण सहित 12 पदक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नई दिल्ली के छतरपुर में आयोजित हुई दो दिवसीय जिमनास्टिक्स मंथन कप 2024 में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 7 स्वर्ण सहित 12 पदक हासिल किए है। विजेता खिलाड़ियों का संस्थान में पहुंचने पर शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल डा. शीला पूनिया सहित स्टॉफ सदस्यों द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल डा. शीला पूनिया ने बताया कि 13 व 14 जुलाई को छतरपुर नई दिल्ली में आयोजित जिमनास्टिक्स मंथन कप 2024 का आयोजन किया गया। इसमें पांचवीं कक्षा की सरगम ने एक रजत और 2 कांस्य, आठवीं कक्षा की गुरलीन इन्सां रजत, इसी कक्षा की खुशीलीनने दो स्वर्ण, 11वीं कक्षा की नुपुर ने 3 स्वर्ण, 12वीं कक्षा की आरजू ने 2 स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या ने सभी पदक विजेता छात्राओं को बधाई दी।




**सिरसा।** विजेता खिलाड़ी स्कूल प्रधानाचार्या के साथ।

### शहर में हुई 34 एमएम बरसात

**सिरसा।** पिछले एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी से लोगों को मंगलवार बाद दोपहर राहत मिली। जिला के कई हिस्सों में अच्छी तो कहीं मामूली बरसात हुई। सिरसा शहर में 34 एमएम बरसात हुई, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में मामूली बरसात हुई। शहर में बरसाती पानी सडक़ों पर जमा हो गया, जिससे आम लोगों को परेशानी हुई। वहीं पिछले एक सप्ताह से उमस भरी गर्मी के चलते लोग बेहाल हो रहे थे। धान सहित अन्य फसलों के लिए बरसात काफी लाभदायक बताई जा रही है। मंगलवार बाद दोपहर को हवा के साथ बरसात शुरू हुई। करीब आधे घंटे में सिरसा शहर में अच्छी बरसात हुई, जबकि नहराणा में 4 एमएम बरसात दर्ज की गई है।

# भाजपा कुशासन से जनता दुःखी : हांसू

- वरिष्ठ कांग्रेस नेता की अगुवाई में अनेक लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेस का कुनबा बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर आए दिन लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे है। इसी कड़ी में आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर दर्शन लाल हांसू की अगुवाई में अनेक गांवों के लोगों ने उनके निवास स्थान पर जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दर्शन लाल हांसू ने इन सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया और पूरा मान-सम्मान देने की बात कही। कांग्रेस में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गांव अयाल्की से बनारसी दास, संदीप, मोहन दास, रतिया से नीरज, जतिन, गोलू सहित अनेक लोग शामिल रहे। कांग्रेस नेता दर्शन लाल हांसू ने कहा कि आज प्रदेश की जनता भाजपा कुशासन से परेशान है। जनता को केवल कांग्रेस में ही एक उम्मीद की किरण नजर आ रही है। जनता भी जान चुकी है कि कांग्रेस कार्यकाल में जो हरियाणा विकास के मामले में नंबर वन था, आज भाजपा ने उस प्रदेश को नशे का अड्डा बनाकर रख दिया है।




**रतिया।** कांग्रेस में शामिल होने वालों का स्वागत करते दर्शन लाल हांसू।

# फोर्टिस हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क थैलेसीमिया जागरुकता शिविर

- थैलेसीमिया टाइपिंग कैम्प, बोन मैरो ट्रांसप्लांट के बारे में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम ने थैलेसीमिया सोसाइटी, फतेहाबाद, गिफ्ट फाउंडेशन और डॉ. आशा मेमोरियल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फतेहाबाद के सहयोग से आज शहर में थैलेसीमिया अवेयरनेस ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन (एचएलए) टेस्ट कैंप आयोजित किया। इस कैंप में बच्चों, उनके भाई-बहनों और माता-पिता सहित 150 से अधिक लोग शामिल हुए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों में बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जो थैलेसीमिया के लिए एक बेहतर इलाज साबित हुआ है। इस अवसर पर फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम के कंसल्टेंट्स-पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजी ऑन्कोलॉजी और बीएमटी डॉ. विकास दुआ और डॉ. अरुण दानेवा के साथ अन्य चिकित्सा और सहायक मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे। डॉ. विकास दुआ ने कहा कि यह कैंप जहां एक शैक्षिक पहल के तौर पर आयोजित हुआ। इस कैंप के जरिए कोल इंडिया की उस स्कीम पर भी फोकस किया गया जिसके तहत बीएमटी कराने वाले पात्र मरीजों को 10 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद की जाती है।



**फतेहाबाद।** थैलेसीमिया जागरूकता शिविर में लोगों को जानकारी देते विशेषज्ञ।



### परिवारों ने थामा भाजपा का दामन

**फतेहाबाद।** जनसम्पर्क अभियान के तहत भाजपा पशुपालन डेयरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजपाल बैनीवाल भट्टू क्षेत्र के गांव बनगांव में पहुंचे। गांव के समाजसेवी कृष्ण नायक ने सैंकड़ो लोगों की उपस्थिति में राजपाल बैनीवाल को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान एवं अभिनंदन किया। इस दौरान दर्जनों परिवारों ने राजपाल बैनीवाल के नेतृत्व में अन्य पार्टी छोडक़र भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर देवीलाल ढाका, राधेश्याम झाज्जडा, लीलू राम नायक, मदन लाल हरिजन, ओमप्रकाश नायक, विक्रम दहिया, सुरेंद्र नाई, भूप सिंह हरिजन, दर्शन सिंह रायसिख, शिवपाल बिजारणिया, बंसीलाल, भंवर सिंह, राकेश, शेदो बाजीगर, ओमप्रकाश छिपी, पृथ्वी बाजीगर, सरवन कुमार, महावीर जेवलिया, कृष्णा देवी, कैलास बाजीगर, पूनम हरिजन, मन्जू.नायक, सावित्री नायक, बनारसी, उषा, रोशनी,रामा देवी, सुनहरी नायक सहित दर्जनों लोगों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की।

# कुम्हार समाज की मांगों को पूरा करने की घोषणा करे सीएम : मुकेश प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- माटी कला बोर्ड को संवैधानिक दर्जा देते हुए सालाना बजट का किया जाए प्रावधान

युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने भाजपा सरकार से कुम्हार समाज की दशकों पुरानी मांगों को पूरा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार गुरु दक्ष प्रजापति महाराज की जयंती मना रही है वहीं दूसरी ओर समाज के दशकों से लंबित पड़ी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि गुरु दक्ष जयंती समारोह में सीएम समाज की मांगों को पूरा करने की घोषणा कर अपना बडप्पन दिखाएं, ताकि समाज के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठ सके। यहां जारी ब्यान में कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार 20 जुलाई को हिसार में गुरु दक्ष महाराज की जयंती मना रही है। उन्होंने मांग की कि इस कार्यक्रम में सीएम समाज की मुख्य मांगों जैसे हरियाणा माटी कला बोर्ड को संवैधानिक दर्जा देते हुए नियमित करने और इसके अलावा पर्याप्त सालाना बजट का प्रावधान करने की घोषणा करें ताकि मिट्टी काक़ाम करने वाले कुम्हार/प्रजापति समाज का विकास व उत्थान हो सके। इसके अलावा प्रजापति समाज से सम्बंधित सभी समस्याओं का निपटारा हरियाणा माटी कला बोर्ड द्वारा किया जाए। उन्होंने कहा कि मिट्टी के बर्तन बेचने के लिए समाज के जरूरतमंद लोगों को शहर में एक निश्चित जगह उपलब्ध करवाई जाए।



मुकेश प्रजापति

# पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी : छिंदरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय चोरमार खेड़ा में पेड़ लगाओ-हरियाली बढ़ाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत के सदस्यों व विद्यालय स्टाफ द्वारा स्कूल के प्रांगण में 160 पौधे लगाए गए। वहीं गांववासियों को भी पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय की मुख्याध्यापिका छिंदरपाल कोर व मुख्य शिक्षक बलबीर सिंह लुना ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन ही नहीं बल्कि हर जीव जन्तु के लिए बड़ा महत्व रखते है। पेड़ हमें फल, लकड़ी व छाया देने के साथ साथ सांस लेने के लिए ऑक्सीजन भी देते है। ऑक्सीजन हमारे लिए कितनी जरूरी है इस बात का अंदाजा कोरोना काल से लगाया जा सकता है। उस दौरान ऑक्सीजन के लिए कितनी परेशानियां उठानी पड़ी लेकिन आज लोगों द्वारा पेड़ों को काटा जा रहा है। जो आने वाले भविष्य के लिए सही नहीं। हमें पेड़ पौधों के महत्व को समझना होगा। यदि हमें पर्यावरण को बचाना है तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे।



### भाजपा राज से जनता परेशान : डॉ. वीरेंद्र

**फतेहाबाद।** कांग्रेस ने हरियाणा की भाजपा सरकार से पिछले 10 सालों के कार्यकाल का हिसाब मांगने के लिए 'हरियाणा मांगे हिसाब' पद यात्रा शुरू की है। इस अभियान की शुरुआत सीएम सिटी करनाल से लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने की है। फतेहाबाद से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच भी अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अभियान में शामिल हुए। इस अभियान को मिल रहे अपार जनसमर्थन को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच ने कहा कि भाजपा के 10 वर्ष के कार्यकाल के बाद आम जनता बहुत परेशान है। भाजपा की सरकार ने सिर्फ झूठ बोलकर लोगों को गुमराह किया है। भाजपा ने सिर्फ पोर्टल बनाकर लोगों की मुसीबते बढ़ाई हैं, उन्हें सरकारी कार्यालयों की चक्कर लगाने को विवश किया है। गरीबों के राशन कार्ड काटे हैं। हरियाणा में बेतहाशा बेरोजगारी बढ़ गई है, युवाओं के कदम नशे की ओर बढ़े हैं।

## मंदिर में प्राचीन नलकूप के पानी से लोगों ने किया स्नान

# बाबा राणाधीर मंदिर मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

प्रसिद्ध मंदिर जय बाबा राणाधीर में मंगलवार को अर्धवार्षिक मेला लगाया गया। मेले में दूर-दराज से हजारों श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर मन्नत मांगी। मेले के दौरान प्रबंध कमेटी की ओर से भंडारे का विशेष प्रबंध किया गया। बाबा राणाधीर जी महाराज की समाधि व मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों से की गई सजावट को देखकर श्रद्धालुओं के मन में उत्साह पूर्ण भक्ति भाव में लीन थे। मंदिर में हरियाणा के आसपास के राज्यों से साधु-संतों ने भी मंदिर में आकर बाबा की प्रतिमा के सामने नमन किया और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। मेले में उमड़ी भीड़ को लेकर बाबा की समाधि के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग दो जगह व्यवस्था की गई थी। जहां पर भक्तों ने घी व तेल के दीपक जलाकर प्रसाद चढ़ाकर अपनी-अपनी मनोकामनाओं को लेकर श्रद्धालुओं ने मन्नत मांगी। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भारी संख्या पुलिस बल तैनात रहा व बाबा राणाधीर सेवा समिति द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। मंदिर सेवा समिति ने मेला ग्राउंड के चारों दिशाओं में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी रखी गई। मेले में जेब कतरों व सामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस के कई जवान सिविल ड्रेस में नजर रखे हुए थे।



**भूना।** मेले में दुकानों पर इधर-उधर सामान की खरीदारी करते श्रद्धालुगण।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर बाबा राणाधीर सेवा समिति के प्रधान ओमप्रकाश धारणिया, राजू गिरधर, अनिल सोनी, वीरेंद्र शर्मा, मास्टर मंगलराम, नंदलाल कंबोज, हरविंदर बागड़ी,रमेश कुमार शर्मा,सरपंच सुरेश कंबोज, आत्माराम जाखड़, देशराज खुराना, बलजीत सोनी, अशोक मेहता, कृष्ण सेठी, राकेश मदान, रमेश कंबोज, महेंद्र कंबोज, राजू कंबोज, मुंशी कंबोज, अमित लीखा, नफे सिंह,आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### भाकियू की खेती बचाओ बैठक आयोजित

**रतिया।** भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ की बैठक आज गुरुद्वारा श्री अजीतसर रतिया में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेगराज फूला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष जरनैल सिंह मलवाला विशेष रूप से पहुंचे। मीटिंग के दौरान प्रदेश अध्यक्ष जरनैल सिंह के स्वास्थ्य कारणों को देखते हुए उनकी जगह सर्व सम्मति से महासचिव राजविंदर चहल को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही सुरेंद्र जाखड़ को महासचिव नियुक्त किया गया है।

### सड़क पर पलटा ऑटो छह मजदूर घायल

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में खराब सड़क पर मंगलवार सुबह एक ऑटो रिक्शा पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। उनको नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑटो में 14 के करीब लोग सवार थे, जो मजदूरी के लिए जा रहे थे। इनमें ज्यादातर नाबालिग युवक शामिल हैं। अस्पताल में उपचाराधीन 17 वर्षीय रामजी ने बताया कि उनके परिवार मजदूरी के काम करते हैं और यूपी-बिहार से आए हुए हैं। आज दो-तीन परिवार के लोग मिट्टी भराई की मजदूरी के लिए माजरा रोड की तरफ ऑटो पर सवार होकर जा रहे थे। ऑटो में कुल 14 लोग सवार थे।

### सर्व समाज सभा की मासिक बैठक संपन्न

**रतिया।** सर्व समाज सभा रतिया की मासिक बैठक खटीक मौहल्ला में स्थित बाबा श्री नामदेव धर्मशाला के प्रांगण में प्रधान रणजीत सिंह भानीखेडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शहर के सहारा हास्पिटल में एक महिला की हुई मौत के मुद्दे को आपसी बातचीत से सुलझाने के लिए एक कमेटी गठित की गई जिसमें सतपाल जिंदल, कैप्टन जगजीत सिंह, अजमेर सिंह, रुप सिंह खोखर व बलिंदर शर्मा सहित 5 सदस्यों को चुना गया।

### मकान से लाखों के गहने और नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में एक मकान में घुसकर लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। मकान मालिक ने जब कैमरे में चोरों को घर में घुसे देखा तो अपने भाई को घर भेजा लेकिन तब तक चोर वहां से फरार हो चुके थे। प्रीत विहार कालोनी टोहाना निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया हुआ था। रात को उसने अपने फोन पर अपने घर पर लगे कैमरे चैक किए तो उसनमें उसे घर के अंदर अज्ञात व्यक्ति घुसे दिखाई दिए। इस पर उसने तुरंत अपने भाई विजय को फोन करके बताया कि घर में तीन अज्ञात लोग घुसे हुए है।

### नप प्रधान से की चौक के सौंदर्यीकरण की मांग

**फतेहाबाद।** चौकों के दोबारा निर्माण और सौंदर्यकरण को लेकर संस्थाओं के पदाधिकारी भी अब आगे आने लगे है। मंगलवार को अम्बेडकर सभा के पदाधिकारी चौक के दोबारा निर्माण और सौंदर्यकरण की मांग को लेकर नगर परिषद के प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची से मिले। सभा के प्रधान रामकिशन, उपप्रधान दौलतराम, सतीश कुमार, राजकुमार, बलवान सिंह ने बताया कि अम्बेडकर चौक के निर्माण को लेकर पहले भी नगर परिषद में मांग पत्र दिया जा चुका है। नगर परिषद अब जल्द से जल्द चौक का निर्माण करवाए और इसका सौंदर्यकरण करवाया जाए।

### मकान में घुसे चोरों ने हजारों की नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** गांव गुल्लरवाला में चोरों ने एक मकान में घुसकर गुल्लक में रखी हजारों की नकदी चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। सदर टोहाना पुलिस को दी शिकायत में गांव गुल्लरवाला निवासी रणजीत सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने परिवार के साथ अपने रिश्तेदारी में गया हुआ था। शाम को जब वह वापस घर पहुंचा तो देखा कि उसके मकान का ताला टूट पड़ा था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

---

### हरकोफेड चेयरमैन वेद फुलां अब तक हजारों बुजुर्गों को करवा चुके तीर्थ यात्रा

# ढाणी गोपाल और मोची से रवाना हुआ मेरे बुजुर्ग-मेरे इष्टदेव यात्रा का जत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** मेरे बुजुर्ग-मेरे इष्टदेव यात्रा के जत्थे को रवाना करते चेयरमैन वेद फुलां। फोटो : हरिभूमि

हरकोफेड के चेयरमेन एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वेद फुलां के मेरे बुजुर्ग मेरे इष्ट देवता अभियान के तहत बुजुर्गों का एक और जत्था तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस बार ढाणी गोपाल और मोची गांव के बुजुर्ग यात्रियों का यह जत्था सालासर और खाटूश्यामजी के दर्शन करेगा। गौरतलब है कि भाजपा नेता वेद फुलां पिछले दो साल से ग्रामीण इलाकों के उन बुजुर्गों को तीर्थ स्थलों की यात्रा करवा रहे हैं जो आजतक अपने इष्टदेव के धार्मिक स्थलों के दर्शन नहीं कर सके हैं। अबतक वेद फुलां तकरीबन हजारों ग्रामीणों को तीर्थ स्थलों की यात्रा करवा चुके हैं।

मंगलवार को ढाणी गोपाल और मोची गांव के बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा को रवाना करते हुए हरकोफेड चेयरमैन और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वेद फुलां ने कहा कि उनका उद्देश्य उन बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन करवाना है जो किन्हीं परिस्थितिवश यात्रा नहीं कर पाए। ऐसा करके उन्हें मानसिक शांति का अनुभव होता है। फुलां ने कहा कि तीर्थ यात्रा के दौरान बुजुर्गों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। हरकोफेड चेयरमैन ने कहा कि यात्रा के शुरूआती चरणों में ग्रामीण बुजुर्गों को खाटू श्याम, रूणेचा धाम, नागोर गोशाला, डाली बाई मंदिर, तेजा जी मंदिर, नागौर गोशाला के दर्शन करवाए जा चुके हैं और फिलहाल ग्रामीणों को खाटू श्याम और सालासर धाम के साथ अंजनी माता मंदिर के साथ दो जांटी धाम के दर्शन करवाए जाएंगे। भाजपा नेता वेद फुलां ने बताया कि बुजुर्गों के लिए शुरु की गई यात्रा को लेकर बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन करवाने से जहां माता-पिता तुल्य बुजुर्गों को आसीम शांति मिलती है वहीं वे इस पुण्य कार्य में भागीदार बन जाते हैं। उनका प्रयास है कि तीर्थ यात्रा का यह कारवां निरंतर चलता रहे।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर गांव ढाणी गोपाल से सुरेन्द्र खिचड़, हनुमान मंदिर पुजारी रोशन लाल शर्मा, दयानन्द ब्लाक समिति प्रतिनिधि रामनाथ बिडासरा, अशोक कुमार मेंबर, राजेन्द्र प्रसाद, सुभाष गोदारा, दयानन्द सोनी, कृष्ण गोदारा, उमेश जांगडा, धर्मपाल, सरपंच नंबरदार, रिसाल जांगडा, विक्रम बुरडक, सुभाष कडवासरा, सरदूल धानक खटक, निहाल सिंह फौजी दूकिया, उमेद गोदारा, अश्वनी जांगडा, संजय सोनी, रण सिंह ढाका, साहब राम गोदारा, दिनेश ढाका, रामप्रसाद फौजी, गीता कसवा महिला मण्डल अध्यक्ष बीजेपी भूना, सुरेन्द्र सोनी, अमित फगेडिया, शांति ढाका, शांति गोदारा, सुरेश फौजी, हरदीप गोदारा, शेखर रंगा, हरि किशन मेहरा, हवा सिंह सिहाग, जयवीर, संजय खिचड़, मोची गांव से कृष्ण कुमार, सत्यवान मैचु, रामनिवास, हवासिंह,दारा सिंह, कृष्ण कुमार ,धाड़ी मेजर, फतेह सिंह, किशोरी, छबीलदास, राजेन्द्र, संदीप बैनिवाल, पवन कुमार, सत्यवान आदि उपस्थित थे।

---

# शिव चौक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर के शिव चौक का 42वां स्थापना दिवस 2 अगस्त को शिवरात्रि के दिन धूमधाम से मनाया जाएगा। यह निर्णय आज शिव चौक प्रबंधक कमेटी की एक बैठक में लिया गया। प्रबंधक कमेटी के सदस्य महावीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर प्रबंधक कमेटी की एक बैठक हुई जिसमें प्रधान राकेश खुंगर, नरेश खुंगर, गुलशन वधवा, महावीर शर्मा, सुरेश अनेजा, चंद्र कंबोज, राहुल खुंगर, प्रवीन वधवा, राजू धमीजा सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यों ने एकमत से कहा कि हर बार की तरह इस बार भी शिव चौक का स्थापना दिवस बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को शिवरात्रि के दिन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के तहत 2 अगस्त को शाम सवा छह बजे पूर्व चेयरमैन अमीर चावला भगवान भोलेनाथ को माल्यार्पण करेंगे और आरती में शामिल होंगे। शाम सवा सात बजे नेहरू पार्क में रामा क्लब के मंच पर भजन संध्या होगी जिसका शुभारंभ समाजसेवी एवं प्रसिद्ध व्यवसायी ओमप्रकाश मक्कड़ करेंगे। प्रसिद्ध भजन गायक कृष्ण भूटानी अपनी मधुर आवाज में भगवान भोले शंकर के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत करेंगे। उसके बाद रात सवा आठ बजे से लंगर-भंडारा आरंभ होगा।

# धिड़ के स्कूल में किया पौधरोपण अभिभावकों को वितरित किए पौधे


**फतेहाबाद।** गांव धिड़ में बच्चों को पौधे वितरित करते स्कूल के मुख्य शिक्षक सेवा सिंह

**फतेहाबाद।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला धिड़ में फतेहाबाद जिले के स्थापना दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूल व आस पास में पौधा रोपण किया गया। पी.टी.एम. के दौरान सभी अभिभावकों को स्कूल की तरफ से पौधे वितरित किये व पौधों की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा स्कूल में सहयोग देने वाले अभिभावकों को सम्मानित भी किया। स्कूल के मुख्य शिक्षक सेवा सिंह मुवाल ने कहा कि आज विकास की अंधी दौड़ में तेजी से पेड़ों को काटा जा रहा है, जिससे पर्यावरण असंतुलन पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने और शुद्ध रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक सेवा सिंह मुवाल, रामनिवास जंगडा, सुरेंद्र सिंह, प्रधान सरदार बलजीत सिंह, सुरेश कुमार, नरेश कुमार,कमलजीत सिंह, बलविंदर सिंह, उषा रानी, पूजा रानी, किरण इत्यादि मौजूद रहे।

---

# ट्रस्ट ने स्कूल में भेंट किए पंखे, पौधरोपण भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- कंदोई के नेतृत्व में स्कूल के अंदर पांच पंखों का वितरण किया
- बेलपत्र, बड़, पीपल और नीम के सैकड़ों पौधे भी लगाए गए

श्री अग्रवाल परिवार सेवा ट्रस्ट सिरसा के अध्यक्ष सुनील कुमार कंदोई के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर बेगू में पौधारोपण व पंखा वितरण का यर्क्रम आयोजित किया गया। सचिव दीपक गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष सुनील कंदोई के नेतृत्व में स्कूल के अंदर पांच पंखों का वितरण किया गया और बेलपत्र, बड़, पीपल और नीम के सैकड़ों पौधे भी लगाए गए।

इस संबंध में अध्यक्ष सुनील कुमार कंदोई ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से समय-समय पर समाजसेवा के क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी बेहद सक्रिय हैं और रोजाना सुबह-सुबह पौधों में पानी देते हैं और उनकी देखभाल भी करते हैं।

इसके अलावा बच्चों की फीस माफ सहित कई अन्य समाजसेवा के कार्य ट्रस्ट द्वारा समाजहित में किए जा रहे हैं। स्कूल स्टाफ ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुनील भादरा बाजार वाले, विकास कंदोई, कमल बंसल, युधिष्ठिर गुप्ता, कमल सिंगला व स्कूल की तरफ से सारिका गोयल, अंशुल गोयल, सरिता पूनिया, इंदु रानी, सुषमा शर्मा, रेखा गोसाई, मनोज, राहुल और अजय व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# क्लेरिकल एसोसिएशन ने पंचकूला पड़ाव के लिए सिरसा से शुरू की साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा ।** पंचकूला पड़ाव के लिए साइकिल पर रवाना होते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी के आह्वान पर प्रदेश के लिपिकीय कर्मचारियों ने 7 जुलाई को करनाल में सीएम आवास घेराव तथा विरोध प्रदर्शन किया था, जिसमें सीएम नायब सिंह सैनी से वार्ता होने उपरांत 10 जुलाई को चंडीगढ़ में मुख्य प्रधान सचिव टू सीएम राजेश खुल्लर से वार्ता का समय मिला था। परंतु कल चंडीगढ़ में हुई बैठक में लिपिक वर्ग को निराशा ही हाथ लगीएमुख्य प्रधान सचिव और सीएम नायब सिंह सैनी के अन्य कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण अब क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों को आगामी बैठक के लिए 16 जुलाई का समय दिया गया है। ताकि उनकी मांग पर विस्तृत चर्चा करके समाधान निकाला जा सके। आज सिरसा से राज्य महासचिव सतीश ढाका और जिला प्रधान सिरसा के नेतृत्व में सिरसा से सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए साइकिल साइकिल यात्रा शुरू की, जोकि फतेहाबाद तक पहुंच गई कल फतेहाबाद से हिसार तक का साइकिल यात्रा का प्रोगाम तय होगा। इसी तरह बाकी सभी जिलों से भी साइकिल यात्रा शुरू की गई है, जो आगामी 20 जुलाई को करनाल में इकट्ठा होगी। फिर वहां से पैदल मार्च से सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए और अपनी मुख्य मांग को पूरा करवाने के लिए पंचकुला मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास पर पड़ाव डालने के लिए एक साथ पहुंचेंगे। इस अवसर पर सतीश ढाका, साहिल बागड़ी, कपिल शर्मा, बिंटू, अशोक, पवन, अजनीस, अवतार, चुन्नी राम, राज सिंह, राजकुमार, कुलदीप सहारण सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### भारतीय जाट विकास मंच के प्रधान राजेंद्र कड़वासरा को पितृ शोक

- गांव बकरियां वाली में अंतिम संस्कार किया

**सिरसा।** भारतीय जाट विकास मंच के प्रधान डॉ. राजेंद्र कड़वासरा के पिता आद राम कड़वासरा का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कई माह से अस्वस्थ थे। उनका गांव बकरियां वाली में अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर भारतीय जाट विकास मंच के तमाम सदस्यों, भगत शिरोमणि धन्ना जी जागृति मंच के तमाम सदस्यों के अलावा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों ने शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

बता दें कि आद राम कड़वासरा एक किसान के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में बढ़-चढक़र अहम भूमिका निभाते रहे। उनके निधन से समाज को क्षति हुई है।

---

# राजेश शर्मा ने ग्रामीणों को कार्यकर्ता धन्यवाद सम्मेलन का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** ग्रामीणों को संबोधित करते राजेश शर्मा। फोटो : हरिभूमि

विधानसभा चुनाव में प्रदेश से भाजपा शासन की विदाई तय है। कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ अगली सरकार बनाएगी। कांग्रेस के सत्तासीन होने के बाद प्रदेश में विकास के नए युग का सूत्रपात होगा। यह बात कांग्रेस नेता राजेश शर्मा ने न्याय चौपाल कार्यक्रम के तहत गांव मोडियाखेड़ा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। राजेश शर्मा ने सिरसा लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा की ऐतिहासिक जीत के लिए ग्रामीणों का आभार प्रकट करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में सहयोग व समर्थन की अपील की। शर्मा ने आगामी 26 जुलाई को शहर के पर्ल रिसोर्ट में होने जा रहे कार्यकर्ता धन्यवाद सम्मेलन का ग्रामीणों को न्यौता देते हुए कहा कि यह सम्मेलन प्रदेश की जनता के उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। सम्मेलन में जिलाभर से हजारों की संख्या में लोग जनप्रिय नेता चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के विचारों को सुनने पहुंचेगें। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन को लेकर सिर्फ पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि आमजन भी बेहद उत्साहित है।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर दानाराम मेघवाल, बहादुर सिंह पूर्व सरपंच मोडियाखेड़ा, चुन्नीलाल नायक, लक्ष्मण सरदार, मिलखराज, रोहताश गेटिया, डा. इकबाल सिंह, अमर सिंह आदि मौजूद थे।

### सिविल पेंशनर्स एसो. की मासिक बैठक सम्पन्न

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि बैठक में कई सदस्यों ने अपने विचार रखे। सभी ने सरकार द्वारा पैंशनर्ज की मांगे 65, 70, 75 वर्ष की आयु में पेंशन में 5, 10 व 15 प्रतिशत की बढोतरी करना, अगले चार वर्षों के लिए एल.टी.सी जारी करना, विकलांग पैंशनर्ज को विकलांग भत्ता लागू करना इत्यादि मांगों को न मानने पर खेद व्यक्त किया तथा मांग की कि इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। अंत में प्रधान हरबंस लाल सेठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बीघड़ चौक, फव्वारा चौक पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

# सिटी वेलफेयर क्लब ने योग मंदिर में लगाए व वितरित किए औषधीय पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद।


**फतेहाबाद।** योग मंदिर में औषधीय पौधे लगाते सिटी वेलफेयर क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

शहर के विभिन्न पार्को के निर्माण व जीर्णोद्धार मे अहम भूमिका अदा करने वाली संस्था सिटी वेलफेयर क्लब ने आज स्थानीय योग मंदिर में अंजीर, मरूआ, लेमनग्रास, गुडमार,इंसुलिन, दमा बेल, सुदर्शन, तुलसी सहित औषधीय पौधे लगाए व साधकों को वितरित भी किए। इस अवसर पर योगाचार्य करमचंद सरदाना व धर्मपाल चावला ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। संस्था अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने कहा कि संस्था हर साल हजारों पौधे वहीं रोपित करती है जहां इनकी देखभाल हो सके और यहीं कारण है कि आज योग मंदिर मे उनके द्वारा लगाए बहुत से औषधीय पौधे विभिन्न रोगों का निवारण कर रहे है। उन्होंने बताया कि अभी तक 10 से अधिक पार्क व शहर के डिवाइडरो पर 10 हजार से अधिक पौधे लगाकर उन्हें देखरेख के लिए विभिन्न सरकारी व निजी विभाग के सुपुर्द किया जा चुका है, जो आज शहर के पर्यावरण संरक्षण व सुंदरता में अहम योगदान निभा रहे है। इस अवसर पर कुलदीप तनेजा, हरिओम, हेमराज बजाज, आकाश लखोटीया, देवेन्द्र मोंगा, रामनिवास सहित संस्था सदस्य व साधक उपस्थित रहे।

---

### डीसी के आदेश पर भी नगर परिषद ने शुरू नहीं किया काम

# समाधान शिविर में पहुंचे एसबीआई रोड के व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में पहुंचे दुकानदार व जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

एसबीआई रोड की जर्जर हालत अब इस क्षेत्र के रिहायशी इलाकों के लोगों व दुकानदारों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। सरकार द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर में एक सप्ताह पहले समस्त दुकानदार व जिन्दगी संस्था के पदाधिकारी जिला उपायुक्त राहुल नरवाल से मिले थे।

उपायुक्त ने तुरंत प्रभाव से नगर परिषद के संबंधित अधिकारियों को दो दिन में काम शुरू करवाकर निदान करवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन उनके निर्देशों की नगर परिषद अधिकारियों ने पूरी अनदेखी की और एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद कोई काम शुरू नहीं हुआ। रोष स्वरूप एसबीआई रोड के निवासी, दुकानदार व जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह मंगलवार सुबह फिर से लघु सचिवालय में चल रहे समाधान शिविर में पहुंचे। यहां अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने प्रतिनिधिमंडल को एक बार फिर अगले दो दिनों में समाधान का आश्वासन दिया है।

समाधान शिविर में पहुंचे जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह, प्रतिनिधिमंडल से व्यापारी अक्षय गुप्ता, राजेश शर्मा, पंकज तायल, राजेश जैन, विवेक बंसल, पंकज कुमार आदि ने कहा कि भट्टू रोड से एसबीआई के रास्ते सिरसा मार्ग से जोडने वाली सडक़ बीते 6 माह से उखाड़ी हुई है। इस सडक़ पर आने वाली बत्तरा कॉलानी, मार्केट कमेटी कॉलोनी के साथ-साथ यहां के दुकानदारों का इस जर्जर सडक़ की वजह से जीना मुहाल हो रखा है। पिछले दिनों हुई बरसात ने उनकी इस समस्या को बढ़ाते हुए सडक़ को हादसों का मुख्य प्वाइंट बना दिया है। पिछले सप्ताह ही समाधान के लिए वे जिला उपायुक्त से समाधान शिविर में मिले थे। यहां डीसी राहुल नरवाल ने अगले दो दिन में काम करवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन एक सप्ताह के बाद भी उनके निर्देशों पर कोई अमल नहीं किया गया है। आज अतिरिक्त उपायुक्त ने एक बार फिर दो दिन का समय कहा है। यदि अगले दो दिन में कोई काम शुरू न हुआ तो सांझी बैठक करके कोई ठोस निर्णय लेंगे।

# साइंस सेमिनार में भाग लेंगे 10वीं तक के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

युवा विद्यार्थियों के मन में वैज्ञानिक जांच और विश्लेषणात्मक सोच की भावना पैदा करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष खंड एवं जिला स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी सिरसा द्वारा सिरसा जिला के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को 25 जुलाई 2024 तक खंड स्तर पर प्रतियोगिता करवाने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। साथ ही 07 अगस्त 2024 को जिलास्तीय साइंस सेमिनार प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यलय खैरपुर में आयोजित होगी। प्रोग्राम के नोडल अधिकारी एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष साइंस सेमिनार प्रतियोगिता का मुख्य विषय है। कृत्रिम बुद्धिमता संभाव्यता और सरोकार। इस वर्ष राज्य स्तरीय साइंस सेमिनार प्रतियोगिता अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम में आयोजित होगी और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता नेहरु साइंस सेंटर मुंबई में 20 नवम्बर 2024 को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 10वीं तक पढने वाले सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। सेमिनार शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों के लिए एक लिखित परीक्षा होगी।